सार-समाचार

## मुख्य मज़ार के लोगों ने किए दीदार



**कपासन**, (कासं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ के आस्ताना ए आलिया मे स्थित मुख्य मज़ार के हजारो लोगो ने किए दीदार। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बुधवार रात्रि दो बजे से ही भूमिगत मुख्य मज़ार के दीदार हेतु बुलन्द दरवाजे तक लम्बी-लम्बी कतारे लगी व पांच बजे से ही दर्शन हेतु पट खोल दिए गए। आस्ताना के पश्चिम जानिब औलिया मस्जिद की तरफ बाबे नेअमत से जायरीन अन्दर गए और दक्षिण जानिब बाबे सलाम से निकलने की व्यवस्था की गई। गर्मी को देखते हुवें जायरीन की कतारे इस तरह से बनाई गई की शाही महफिलखाने तक आकर लाईन खत्म हो जाए ताके जायरीन को गर्मी का एहसान ना हो। व्यवस्था हेतु सिक्युरिटी गार्ड व स्वयं सेवक तैनात रहे। देर रात्रि तक हर एक व्यक्ति के दीदार करने के बाद ही भूमिगत मज़ार के पट बन्द कर दिए जायेगे।ए.डी.जे. बालकृष्ण कटारा, सी.जे.एम. उदय अलोरिया, कपासन ए.सी.जे.एम. प्रतापसिंह राठोर, शारिक मोहम्मद ने भूमिगत मज़ार के दर्शन कर मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की। जहा कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी ने दस्तारबंदी कर श्रीफल भेंट किया।धुणा के तरीकबन्द को फुकरा हज़रात को दी विदाई -: फुकराजमात के खलीफा, नकीब, भंडारी, सिपाही, मिसकीन के तकरीबन सौ सदस्यो को दस्तारबंदी कर, नजराना व चादर शरीफ देकर विदाई दी गई।

## करंट से ठेकाकर्मी लाइनमैन की मौत

**डूंगरपुर**, (निसं)। धंबोला थाना क्षेत्र के झरनी गांव में पोल पर ट्रांसफार्मर चढे एक ठेकाकर्मी लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने जीएसएस कार्मिकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया कि बृजमोहन डामोर निवासी केसरपुरा गडा वाटेश्वर ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा अल्पेश डामोर बिजली निगम की एक ठेका कंपनी में लाइनमैन का काम करता है। मंगलवार को अल्पेश मजदूरों के साथ झरनी में डीपी बदलने गया था। वह पीठ जीएसएस से शट डाउन लेकर डीपी चढाकर लाइन को जोड रहे थे। उसी समय अचानक बिना किसी सूचना के ही जीएसएस से लाइन चालू कर दी। इससे अल्पेश को जोर से करंट लगा और नीचे गिर पडा।करंट लगने से गंभीर घायल अल्पेश को सीमलवाडा हॉस्पीटल लेकर पहुंचे। हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। जिस पर उसे डूंगरपुर हॉस्पीटल लेकर आए। जहां चिकित्सको ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को हॉस्पीटल के मोर्चरी में रखवाया। घटना को लेकर परिजनों ने जीएसएस कार्मिकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों ने कहा कि शट डाउन के बाद लाइन चालू करने से पहले परमिशन लेनी होती है,लेकिन जीएसएस कार्मिकों ने बिना परमिशन के ही लाइट चालू कर दी,जिससे करंट लगा और मौत हो गई। वहीं, परिजनों ने बिजली निगम के किसी भी अधिकारी या ठेकाकर्मियों के भी नहीं आने पर आक्रोश जताया। पुलिस ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिस पर मामला शांत हुआ।

## कार की चपेट में आने से एक की मौत

**कपासन**, (निसं)। कपासन क्षेत्र के गोरा जी का निंबाहेड़ा में चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामवासियों ने ठााम वासियों ने उदयपुर चित्तौड़गढ़ हाईवे मार्ग जाम लगाया। पोस्टमार्टम के लाश परिजनों को सौंपा।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कपासन क्षेत्र के गोरा जी का निंबाहेड़ा निवासी गौरी शंकर पुत्र रामचंद् पारीक प्रात काल लगभग 8:30 बजे के अपने घर से खेत की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ठाामवासी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। पूर्व सरपंच बालूराम चित्तौड़िया सहित उपस्थित ठााम वासियों ने हाईवे मार्ग पर सर्विस रोड बनाने की मांग की।

## कमला बाई पैदल यात्रा पर निकली

**डूंगरपुर**, (निसं)। इन दिनों जिले भर से अम्बाजी हेतु पद यात्रियों का जत्था अल सुबह से देर रात्रि तक जयकारों के नारे लगाते हुए पैदल निकल रहे है। और इन यात्रियों के लिए राह में जगह जगह पर धर्म प्रेमियो द्वारा भण्डारो का भी आयोजन किया गया है। डूंगरपुर शहर से जय अम्बे पदयात्रा संघ के बेनरतले 27 वर्ष पूर्व अम्बाजी हेतु पद यात्रा का शुभारंभ हुआ था। और इसके तहत कोरोना काल से पूर्व लगातार कंसार चौक स्थित कालीका माता के दर्शन करके मॉ की चुनडी के साथ रवाना होते थे। और उसी में घुमटा बाजार क्षेत्र निवासी कमला बाई दर्जी पहली पद यात्रा के साथ ही अम्बाजी हेतु प्रतिवर्ष दर्शनार्थ जाती है। इस बार बुधवार को कालीका माता के दर्शन कर अपनी 27 वीं पद यात्रा पर रवाना हुई है।

## ठाकुरजी की शोभायात्रा निकाली

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही ग्राम पंचायत के भाटोली गांव में जलझूलनी एकादशी पर प्रभुश्री चारभुजानाथ एवं लक्ष्मीनारायण भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली गई। डीजे की धुन एवं ढोल नंगाडो पर सैंकडो महिला पुरूष एवं युवा नाचते गाते गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए रामरेवाडी के साथ बनास नदी पर पहुंचे। जहां ठाकुरजी को स्नान कराने के बाद आरती एवं भजन गाए। इस दौरान श्रीकृष्ण देराश्री, प्रभुदास वैष्णव, राजेन्द्र देराश्री, जगदीश देराश्री, ललित देराश्री, सत्यनारायण देराश्री, योगेश देराश्री, मुकेश देराश्री, चेतन देराश्री, मनोज सेन, लीलाधर देराश्री, धर्मेन्द्र देराश्री, अजय देराश्री, सूरज कुमावत, दीपक देराश्री, गजेन्द्र देराश्री, भंरलाल कीर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# लंपी बीमारी का उचित इलाज व मॉनिटरिंग हो : बारहठ

**राजसमंद**, (निसं)। गायों में लगातार फैल रही लम्पी बीमारी का उचित ईलाज किया जाए व ईलाज के लिए जो प्रबंध किए जा रहे है उनकी भी मोनिटरिंग उचित रूप से हो। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने बुधवार को आयोजित किसान मोर्चा की बैठक के बाद जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना को ज्ञापन सौंपने के दौरान कही।

जिला मीडिया प्रवक्ता अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि उन्होंने जिला कलक्टर से कहा कि कुछ पंचायतों से यह भी शिकायत आई है कि इस बीमारी के नाम पर पशु चिकित्सक पैसे लेकर भी ईलाज कर रहे है, उनके खिलाफ भी उचित कार्यवाही की जाए। इससे पूर्व आयोजित किसान मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों से कहा कि हम सभी को किसान मोर्चा के द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण करने है तथा जो योजनाएं किसानों के हित के लिए है उनको भी प्रत्येक किसानों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मोती सिंह रावत ने



लंपी बीमारी के उचित इलाज एवं मॉनिटरिंग को लेकर जिला कलैक्टर को भाजपा पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।

कहा कि हम सभी किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि इस लंपी बीमारी में हम सभी प्रत्येक पशु पालक की सहायता करें और प्रशासन की ओर से जो सहायता दी जा रही है, उसको भी प्रत्येक बीमार गायों तक पहुंचाने का प्रयास करे। बैठक में पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, ओबीसी मोर्चा जवाहरलाल जाट, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका ने भी अपनी अपनी बात रखी। इस अवसर पर महामंत्री देवीलाल प्रजापत, वीरेंद्रसिंह चौहान, हीरालाल, मनोहर सिंह, राजेंद्रसिंह, भंवरसिंह, बंशीलाल, नारायणलाल सहित सभी किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी व मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।गायों में फैल रही लंपी बीमारी से बचाव को लेकर शौर्य गु प की ओर से नगर में गौमाताओं को आयुर्वेदिक दवा के लड्डू खिलाए गए। गु प के रतन कुमावत ने बताया कि पूरे प्रदेशभर में लंपी बीमारी पैर पसार चुकी है। जिसकी चपेट में आने से चारों ओर गौमाताओं की मौत हो रही है।

## रथोत्सव 11 सितम्बर से

**डूंगरपुर**, (निसं)।जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव 11 सितम्बर रविवार से प्रारंभ होंगे।

प्रवक्ता पियुष घाटिया, रवि सेठ व बदामीलाल वखारिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रथम दिन 11 सितम्बर को रात्रि 8 बजे घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर से, फौज का बडला,माणक चौक यहां से कोटडिया जैन मंदिर का रथ साढे आठ बजे शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक, विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर पहुंचेगे। दोनो रथों का रात्रि विश्राम गेपसागर की पाल ही रहेंगा। जहां पर श्रद्धालु रथों के सम्मान में डांडिया नृत्य करेंगे। इसके पश्चात सोमवार 12 सितम्बर को दिन भर दर्शनार्थी का मेला लगा रहेगा। शाम को डांडिया नृत्य के पश्चात रात्रि 11 बजे दोनो रथ वापस शहर की ओर प्रस्थान करेंगे। जिसमे कोटडिया मंदिर का रथ तो भण्डार कर दिया जायेगा। जब कि मामा-भानजा मंदिर का रथ दो घण्टे माणक चौक में रहेगा।

# नकबजनी के आरोप में दो आरोपियों सहित एक खरीददार गिरफ्तार

**देवगढ़**, (निसं)।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संठााम पुरा में गत दिनों हुई चोरी के मामले में देवगढ़ पुलिस कर्मियों ने सफलता प्राप्त करते हुए नकबजनी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया है

जानकारी के अनुसार देवगढ़ थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि दिनांक 19 जुलाई को हुई घटना के अनुसार संठााम पुरा थाना देवगढ़ निवासी प्रार्थी भंवर लाल गुर्जर पिता बख्तावर गुर्जर ने बताया कि दिनांक 19 जुलाई को किसी कार्य से परिजन देवगढ़ आए हुए थे उस दौरान पीछे से अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे का ताला तोड़ते हुए अंदर रखे हुए अन्य सामान सहित टीवी मोबाइल 10000 रोकड़ सोने के कान के टॉप्स सहित अन्य सामग्री चुरा ली।पीड़ित द्वारा इधर-उधर पूछताछ करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली तो देवगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई तत्पश्चात पुलिस ने



देवगढ़ पुलिस ने नकबजनी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

उक्त मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए फतेह सिंह के निर्देशन में एक टीम का गठन किया जिसमें शिव सिंह दिलीप सिंह ज्वाला सिंह, शिवदर्शन सिंह, मदन सिंह और डालूराम को सम्मिलित किया।उक्त नकबजनी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में संठााम पुरा निवासी ख्याली लाल सालवी पिता कुशाल सालवी, कुंडली निवासी कुशाल सिंह पिता नैनो सिंह तथा खरीदार के रूप में देवगढ़ निवासी हितेश सोनी को गिरफ्तार किया।

# भगवान विष्णु के वामन अवतार की झांकी सजाई

**मंडफिया**, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया में आयोजित तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले के तीसरे दिन मंदिर में भगवान के वामन अवतार की आरती हुई। वहीं इसके पहले रात में विभिन्न मंचों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। तीसरे दिन राजभोग आरती के बाद दिन में 12 बजे फिर से भगवान विष्णु के वामन अवतार की झांकी सजा विशेष आरती की गई।

इसके पहले भी पुजारी द्वारा भगवान का तीनों दिन नित्य ही विशेष श्रंगार करवा सुंदर पिछवाई लगा सजावट की गई। गुलाब , केवड़ा, मोगरा व तुलसी के फूलमाला अर्पित कर मंदिर महकाया गया। एकादशी पर बिना मौसम के ही लगी कच्ची केरियों का भोग भी भगवान सांवलियाजी सेठ को धराया गया, यह कच्ची केरिया भगवान श्री सांवलियाजी की गौशाला से एवं प्रतिवर्ष की भांति बांसी व पुनावली के श्रद्धालु लेकर पहुंचे।



मंडफिया में मेले के तीसरे दिन वामन अवतार की झांकी सजाई।

सांवलियाजी के दर्शनों के लिये तीनों ही दिन में लाखों श्रद्धालु पहुंचे जिससे अधिकतर समय श्रद्धुलओं की लंबी कतारें लगी रही। जलझूलनी मेले के मुख्य दिवस पर श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिये सांवलिया जी मंदिर मंडल द्वारा चार मंचो पर विविध सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया। जिसमें मंडफिया बाईपास रोड स्थित विशाल मंच पर भजन संध्या में भजन गायकों ने श्रद्धालुओं को भोर तक भक्ति रस से सरोबार किया।

## आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

**डूंगरपुर**, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग की शहर के मध्य संचालित आंगनवाडी केन्द्र बांसडवाडा केन्द्र का जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. यादव ने केन्द्र पर उपस्थित कार्यकर्ता एवं महिला पर्यवेक्षक से नन्हें बच्चों को दिये जाने वाले पोषाहार के बारें में जानकारी लेते हुए उसे खुलवाकर खाया एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां देने के निर्देश दिये है। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने सीडीपीओ शकुंतला जोशी से गर्भवती, धात्री एवं छः माह से तीन वर्ष के सामान्य बच्चों को दिये जाने वाले पोषाहार के मीनू की जानकारी, जिस पर श्रीमती जोशी ने नमकीन, मीठा मुरमुर्रा एवं नमकीन, मीठा दलिया दिये जाने के बारें में बताया। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने आंगनवाडी कार्यकर्ता अनिता भट्ट एवं सुपरवाईजर माया सुथार से नामांकन के बारें में जानकारी ली। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने पेयजल के बारें में एवं केन्द्र पर उपस्थित धात्री महिला से दिये गये खाद्यान्न की जानकारी ली।

सार-समाचार

## गुड टच-बैड टच की जानकारी दी



**देवगढ़**, (निसं)। करियर महिला मंडल द्वारा आँचल अभियान के तहत नगर के विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में गुड टच-बैड टच, बाल विवाह आदि मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल द्वारा बताया गया की बच्चे मन के चंचल होते है वह समझ नहीं पाते की किसी के दिमाग में क्या है इसी मुद्दे को लेकर हमने आँचल अभियान शुरू किया है मां का गले लगना, पिता या दादा-दादी का आपको लाड करना या फिर खेलते वक्त दोस्त का हाथ पकड़ना। इन सभी में आप खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं लेकिन ऐसा स्पर्श होता है, जिससे आप असहज और बुरा महसूस करते हैं तो उसी वक़्त उन्हें रोक दे अगर आपके निजी अंगों को छूता है और किसी को न बताने के लिए कहता है तो ये गलत है, चॉकलेट देने के बहाने इधर-उधर छूना, कंधे में गलत नजरिये से हाथ रखना ये सब गलत है । कार्यक्रम में 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया और कई बच्चो ने इस विषय पर अपने अपने प्रश्न किये । इस अवसर पर विमला परिहार, कृष्णा कंवर, किरण व्यास, सुमन, अलका गर्ग , हिमाक्षी भव्या जांगिड़, हिमांशी,नव्या मेवाड़ा, श्रुति वैष्णव, सोम्या आचार्य, हिमांशु टांक, चिरायू गर्ग, राकेश, अंकित मेवाड़ा , मनीषा, युक्ता सोनी सहित सो से अधिक बच्चे और विद्यालय स्टॉफ मोजूद था।

## विवाहिता का शव कुएं में मिला

**डूंगरपुर**, (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र में सोमवार रात को पति-पत्नी में कहासुनी के बाद घर छोडकर गई पत्नी का शव कुएं में मिला है। पति से झगडा होने के बाद महिला अपने बच्चों को छोडकर कहीं चली गई। जब काफी देर तक महिला वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की,लेकिन देर रात तक उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह परिजनों ने एक बार फिर महिला की तलाश शुरू की। दिन भर तलाश के बाद देर शाम को ढोली बावडी कुएं में महिला का शव मिला। सूचना पर पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रात को शव को अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। पुलिस ने बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी ने बताया कि हिराता फला माली निवासी प्रेमिका ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसमें बताया कि 5 सितंबर की रात के समय उसकी मां बसंती घर में खाना बना रही थी। इस दौरान उसके पिता दिनेश रोत गाली-गलौज करते हुए आए और मां से झगडा करने लगे। पिता के लडाई करने से मां नाराज होकर कहीं चली गई। इस पर उसने अपने मामा को फोन किया। कुछ देर बाद उसके मामा हाजा उर्फ हीरालाल अपने मामा लोकेश खराडी के साथ आए और पिता दिनेश को समझाने लगे। काफी देर तक जब उसकी मां घर नहीं आई तो उन्होंने उसकी खोजबीन की, लेकिन देर रात तक पता नही सका। थानाधिकारी ने बताया मंगलवार को परिजनों ने महिला की फिर से तलाश शुरू की तो देर शाम को ढोली बावडी कुएं में उसका शव मिला।

## महालक्ष्मी रथ का किया स्वागत



**उदयपुर/भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले के गुलाबपुरा तथा विजयनगर कस्बे मे राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष केके गुप्ता के सानिध्य मे मां महालक्ष्मी के मंदिर निर्माण के लिए निकाली जा रही रथ यात्रा पहुंची। यात्रा में पश्चिमी राजस्थान अठावाल सम्मेलन के महामंत्री राकेश अग्रवाल पश्चिमी राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष अमित नागौरी, महिला प्रदेश महामंत्री रितु नागौरी, संजय निमोदिया, अध्यक्ष पश्चिमी राजस्थान अठावाल सम्मेलन भीलवाड़ा राकेश घूमना, संदीप गोयल एवं समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। रथयात्रा को जो राम मंदिर से निकली हनुमान मंदिर होती हुई चारभुजा जी के मंदिर तक गई तथा शहर के मुख्य मार्गों के अंदर से होती हुई गंतव्य स्थान पर पहुंची। जहां पर जगह - जगह रथ यात्रा का समाज व अन्य समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया तथा जगह - जगह गुलाब की पत्तियां रथ पर डालकर महालक्ष्मी का पूजन पाठ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि यह यात्रा 18 जिलों में के गांव गांव - ढाणी ढाणी में जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य अठावाल समाज को संगठित और एकत्रित करना मजबूत करना तथा आपस में एक दूसरे को जोड़ना एवं हमारे भगवान श्री अठासेन जी महाराज के धाम में कुलदेवी लक्ष्मी जी के भव्य मंदिर का निर्माण चल रहा है।

## रथ यात्रा निकाली

**मंडफिया**, (निसं)। जलझूलनी एकादशी पर्व पर भगवान श्री सांवलिया जी सेठ की विशाल रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों भक्त रथ यात्रा में गुलाल, अबीर व गुलाब की पंखुडियां उड़ाते हुए व नाचते गाते चल रहे थे। रथ यात्रा सांवलिया सरोवर पहुंची वहां पुजारी द्वारा भगवान के बाल विठाह की पूजा अर्चना कर भगवान को स्नान करवाया गया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के संग फाग खेलने का खूब आनंद लिया।

# मेघवाल समाज छात्रावास परिसर में अम्बेडकर सभागार का शिलान्यास

**डूंगरपुर**, (निसं)। पत्रकार कॉलोनी स्थित मेघवाल समाज छात्रावास परिसर में अम्बेडकर सभागार का शिलान्यास बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक व युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा व अध्यक्षता राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के कर कमलों द्वारा किया गया।

मेघवाल समाज की मांग पर विधायक घोघरा ने अम्बेडकर सभागार निर्माण के लिए 2० लाख रुपयों की घोषणा की। जिस पर समाज ने विधायक घोगरा का आभार जताया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक घोघरा ने कहा कि वागड अंचल में 36 कोम का विकास सिर्फ कांग्रेस पार्टी की देन है ओर कहा कि सभी वर्गो को साथ में रखते हुए मैने हमेशा दलित वर्ग के विकास में अपनी अहम भूमिका अदा की है और आगे भी जब जब जरूरत पडेगी में हमेशा तैयार हूं आने वाले समय मे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को समझते हुए और भाजपा की तानाशाही को ध्यान में रखते हुए गहलोत सरकार के हाथ मजबूत करें साथ ही घोघरा ने कहा कि वागड अंचल के



मेघवाल समाज छात्रावास परिसर में अम्बेडकर सभागार का शिलान्यास मंत्रोच्चार के साथ हुआ।

विकास में कांग्रेस ने कोई कमी नही रखी है। अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव ने कहा कि भाजपा के राज में देश किस हालात से गुजर रहा है, उसे समझने की आवश्यकता है आए दिन जिस तरह से दलितों पर अत्याचार हो रहे है वो बर्दाश्त करने लायक नही है समाज को एक साथ खडा होकर युवाओं के भविष्य के लिए संघर्ष करना पडेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहां कि केंद्र की मोदी सरकार हमेशा ही गरीब,मजदूर ओर किसान की विरोधी रही है, भाजपा ने सिर्फ तानाशाही से सत्ता चलाना सीखा है और कांग्रेस पार्टी ने आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से हर गरीब तबके के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया।

## कंप्यूटर कर्मचारी संघ के कार्मिकों ने सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद**, (निसं)। राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला शाखा की ओर से बुधवार को आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान जयपुर को संयुक्त निदेशक के माध्यम से अपनी मांगों की क्रियांविति के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

संघ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सलोनी ने बताया कि 11 माह से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद एवं समय-समय पर विभाग को चेताने के बावजूद भी अधीकांश मांगों पर विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। इसके लिए संघ प्रदेषाध्यक्ष द्वारा 5 अगस्त को आगामी 15 दिवस में समझौता पत्र की क्रियांविति के लिए निवेदन किया गया था, लेकिन अभी तक भी कार्यवाही नहीं की गई। यदि पूर्व समझौता प्रपत्र के क्रियांवयन के लिए विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाते है तो राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ 15 सितम्बर से चरणबद्ध वादा खिलाफी आंदोलन प्रारम्भ करेगा।

# 'स्वच्छ व निर्मल मन से बनाया भोजन प्रसाद के समान'

**डूंगरपुर**, (निसं)। हलवाई एसोसिएशन समिति का गठन बुधवार को होटल लेक व्यू में किया गया। जिसमें अतिथियों ने पहली कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि रामबोला मठ के महंत शिवशंकर दास महाराज, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल जोशी और विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन अध्यक्ष वकील सुंदरलाल परमार, सचिव शैलेंद्र भंडारी, उपसभापति सुदर्शन जैन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स महामंत्री प्रभुलाल पटेल, पुलिस उपनिरीक्षक देवेंद्रसिंह राव, टेंट एसोसिएशन कोषाध्यक्ष गजेंद्र जैन थे।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रतिवेदन जिलाध्यक्ष अनिल जोशी ने किया। समिति के महामंत्री विजय सुथार, सचिव श्यामसुंदर हलवाई और कोषाध्यक्ष दिव्यांशु पहाड सहित एसोसिएशन के सदस्यों ने अतिथियों को साफा, उपारणा और फुलों से स्वागत किया। कार्यक्रम में उदयपुर हलवाई एसोसिएशन और कैटरिंग के ताराचंद कुमार की ओर से नई कार्यकारिणी का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि पद से रामबोला मठ के




हलवाई एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठन के अवसर पर कार्यक्रम को महंत शिवशंकर दास ने सम्बोधित किया।

महंत शिवशंकरदास ने संबोधित करते हुए कहां की हर मनुष्य के मुंह का स्वाद अच्छा होने से उनका स्वभाव भी अच्छा होता है। इसलिए हलवाई के पास मनुष्य के मन को संयमित करने का अधिकार होता है। जो हलवाई निर्मल और स्वच्छ मन से खाने का निर्माण करता है वो भोजन प्रसाद बन जाता है। उन्होंने सनातन संस्कृति का संरक्षण करते हुए कहां की हमेशा हमे खाना बनाने से पहले नहाने के बाद स्वच्छ शरीर से अपने काम को शुरू करना चाहिए। खाना बनाने में सहायक अग्रि देव होते है। ऐसे में इन देवताओं का अनादर नहीं करना चाहिए। खाना बनाने के बाद सबसे पहले भगवान और पितृ को भोग लगाया जाता है। इस परम्परा को हमेशा पालना करनी चाहिए। उनकी कृपा से हमेशा आपका कार्य सफल होगा।